[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-04/5125 2080 विक्रमी दिनांक-26/07/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

विदित हो कि दिनांक 14 एवं 15, जुलाई, 2023 को माधव विद्या निकेतन, अमृतसर में अखिल भारतीय विज्ञान मेला की योजना बैठक मा. शिव कुमार जी, अखिल भारतीय मंत्री की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में विज्ञान मेला के आयोजन पर विस्तारपूर्वक चर्चा–वार्ता के पश्चात् योजना बनायी गयी, साथ ही संपूर्ण राष्ट्र में विद्या भारती के विज्ञान से संबंधित गतिविधि समाज में भी जाए और विज्ञान शिक्षण–कौशल को उत्कृष्ट बनाने तथा भैया–बहनों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करने के दृष्टिकोण से दिनांक 25 जुलाई से 02 अगस्त तक विज्ञान सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। विज्ञान सप्ताह में विद्यालय का प्रत्येक भैया–बहन प्रत्यक्ष रूप से सभी गतिविधियों में भाग लेंगे, ऐसी अपेक्षा है।

– विज्ञान सप्ताह में निम्न कार्यक्रमों का आयोजन अपेक्षित है –

1. विद्यालय के वंदना सभा में प्रति दिन (25 जुलाई से 02 अगस्त) तक एक विज्ञान आचार्य जी अथवा भैया–बहनों द्वारा किसी भारतीय वैज्ञानिक की जीवनी, विज्ञान के क्षेत्र में उनकी उपलब्धि आदि को विस्तारपूर्वक बताया जाए, साथ ही उस दिन उस वैज्ञानिक का पूर्ण विवरण Display Board पर चिपकाया जाए।
2. 25 से 26 जुलाई को कक्षा तृतीय से ऊपर तक के कक्षाओं में विज्ञान के कालांश में विज्ञानाचार्य (विषयाचार्य) अपनी कक्षा में जायेंगे और भैया–बहनों के समक्ष किसी एक भारतीय वैज्ञानिक की जीवनी, विज्ञान के क्षेत्र में उनके कार्य, उपलब्धि पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालेंगे। तत्पश्चात् वैज्ञानिक से संबंधित 50 प्रश्नों की एक प्रति भैया–बहनों को दे देंगे। अब भैया–बहन उन प्रश्नों का उत्तर तैयार करेंगे। पुनः 02 अगस्त, 2023 को उन प्रश्नों से प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित करवानी है।
3. विद्यालय के सभी भैया–बहन (कक्षा–तृतीय से) अपने पड़ोस के घरों में जाकर एक तुलसी का पौधा / एलोवेरा के पौधे को रोपेंगे, साथ ही उस पौधे के औषधीय गुणों तथा वैज्ञानिक नाम आदि का पूर्ण विवरण लिखित रूप में दो प्रति तैयार कर एक प्रति पड़ोसी को देंगे तथा दूसरे प्रति में उनका विचार प्राप्त करते हुए हस्ताक्षर करवा कर विद्यालय में जमा करेंगे। 02 अगस्त को प्रत्येक कक्षा से सर्वश्रेष्ठ तीन–तीन प्रति का चयन कर प्रर्दशनी लगवानी है।

   भैया–बहनों द्वारा पड़ोसी के साथ पौधा देते हुए (पौधा विवरण पत्र) एक विज्ञान आचार्य जी द्वारा एक भारतीय वैज्ञानिक के जीवन चरित्र एवं विज्ञान के क्षेत्र में उनकी उपलब्धि आदि को विस्तारपूर्वक रखा जायेगा। उस दिन उन वैज्ञानिक का पूर्ण विवरण Display Board पर लिखकर चिपकाना है।
4. विद्यालय में इस दौरान एक Science Corner बनाया जायेगा, जहाँ प्रत्येक दिन योजनानुसार प्रयोगशाला से संबंधित सामग्री/उपकरण रखा जायेगा, जिसे भैया–बहन देखें और उसके संपूर्ण कार्यप्रणाली को सीखेंगे।
5. विज्ञान सप्ताह के दौरान अखिल भारतीय विज्ञान मेला, 2023 के पाठ्यक्रम के आधार पर आचार्य एवं भैया–बहनों के बीच कार्यशाला का आयोजन करना है।

   उक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त विद्यालय द्वारा अपनी योजनानुसार अन्य कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर ले सकते हैं, परंतु सभी का लिखित वृत्त रखना अनिवार्य है, ऐसी अपेक्षा है।

(मुकेश नंदन)
प्रदेश सचिव